# उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग

निकट– महाराणा प्रताप स्पोटर्स कॉलेज, थानों रोड़, रायपुर देहरादून।

(वेबसाइट–www.sssc.uk.gov.in ई–मेल–chayanayog@gmail.com)


पत्रांकः– 408 / गोपन / 2025–26 दिनांकः 29 अक्टूबर, 2025

## संशोधित संवाद

उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के विज्ञापन संख्या–68 / उ0अ0से0च0आ0 / 2025 दिनांक 31 जनवरी, 2025 में उत्तराखण्ड वन विभाग के अंतर्गत विज्ञापित **वन दरोगा** के रिक्त पदों हेतु विज्ञापन जारी किया गया। उक्त पदों हेतु लिखित प्रतियोगी परीक्षा दिनांक 22 जून, 2025(रविवार) को एकल पाली में प्रातः 11:00 बजे से अपराह्न 01:00 बजे तक आयोजित की गयी।

आयोग के पूर्व संवाद पत्रांक– 407 दिनांक 29 अक्टूबर, 2025 के क्रम में वन दरोगा के पदों की शारीरिक माप–जोख एवं दक्षता परीक्षा दिनांक 24, 25, 26 नवम्बर, 2025 को निर्धारित की गयी थी, परंतु उक्त तिथियों पर पूर्व से अभ्यर्थियों की अन्य परीक्षा होने की सूचना प्राप्त होने के कारण संशोधित संवाद निम्नानुसार जारी किया जा रहा है।

लिखित परीक्षा के आधार पर शारीरिक माप–जोख एवं दक्षता परीक्षा हेतु अर्ह अभ्यर्थियों को औपबंधिक श्रेष्ठता सूची विज्ञप्ति संख्या 259 / गोपन / 2025–26 दिनांक 25 अगस्त, 2025 को आयोग की वेबसाइट पर प्रकाशित की गयी। उक्त औपबंधिक श्रेष्ठता सूची में सम्मिलित अभ्यर्थियों की शारीरिक माप–जोख एवं दक्षता परीक्षा में दिनांक **20 नवंबर, 2025(बृहस्पतिवार)** से निम्नानुसार निर्धारित की जाती हैः–

| क्र0सं0 | दिनांक | इवेंट | समय |
|---|---|---|---|
| 01. | 20 नवंबर, 2025 | शारीरिक माप–जोख परीक्षा(महिला अभ्यर्थी) | मध्याह्न 12:00 बजे |
| 02. | 21 नवंबर, 2025 | शारीरिक दक्षता परीक्षा, दौड़ 14 किलोमीटर 04 घण्टे में (महिला अभ्यर्थी) | प्रातः 06:00 बजे |
| | | शारीरिक माप–जोख परीक्षा(पुरूष अभ्यर्थी) | मध्याह्न 12:00 बजे |
| 03. | 22 नवंबर, 2025 | शारीरिक दक्षता परीक्षा, दौड़ 25 किलोमीटर 04 घण्टे में (पुरूष अभ्यर्थी) | प्रातः 06:00 बजे |

अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे एक सप्ताह पूर्व अपने प्रवेश पत्र आयोग की वेबसाइट www.sssc.uk.gov.in से डाउनलोड कर सकेंगे। अभ्यर्थियों से अपेक्षा कि जाती है कि वे शारीरिक माप–जोख एवं दक्षता परीक्षा हेतु निर्धारित मानकों के अनुरूप आवश्यक तैयारी कर लें एवं लंबी दौड़ के दृष्टिगत पर्याप्त अभ्यास भी करें।

अतः अभ्यर्थी उक्तानुसार अवगत होने का कष्ट करें।

(डॉ0 शिव कुमार बरनवाल)

सचिव।